

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 113 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 23 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## लोकतंत्र सेनानियों की स मान निधि 30 हजार रूपये प्रतिमाह हुई

### सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किये निर्देश

भोपाल - प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकतंत्र सेनानी की स मान निधि अब 30 हजार रूपये मासिक हो गई है। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकतंत्र सेनानी, जो एक माह से कम निरुद्ध रहे हैं, उनकी स मान निधि 10 हजार रूपये मासिक की गई है।

लोकतंत्र सेनानियों को प्रदेश में स्थित रेस्ट-हाउस अथवा विश्राम-गृहों में अधिकतम दो दिन तक ठहरने की सुविधा भी दी गई है। यह सुविधा उन्हें 50 प्रतिशत राशि भुगतान करने पर उपलब्ध रहेगी। लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के समान नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में ठहरने की सुविधा दिये जाने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किये हैं।

### शासकीय कार्यालयों में स मानजनक व्यवहार के निर्देश

जारी निर्देश अनुरूप लोकतंत्र सेनानी के शासकीय कार्यालयों में पहुँचने पर स मानपूर्वक व्यवहार किया जाये। मंत्रालय सहित अन्य कार्यालयों में अधिकारियों से मुलाकात के लिये प्रवेश-पत्र संबंधी सुविधा दी जाये। लोकतंत्र सेनानी के दिवंगत होने पर उनके परिवार को दी जाने वाली निधि राशि 8 हजार रूपये की गई है। उन्हें शासन की ओर से स मान-स्वरूप पुष्प-चक्र अर्पित किया जाये।

उल्लेखनीय है कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 जून 2023 को आयोजित कार्यक्रम में इस संबंध में घोषणाएँ की थीं, जिसके परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कमिश्नर, कले टर, विभागाध्यक्ष सहित मु य सुरक्षा अधिकारी मंत्रालय को भी निर्देश जारी कर दिये हैं।


## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैंच 10 सित बर को

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिनियम 2007 के अधीन गठित एक संवैधानिक निकाय है। आयोग का मु य अधिदेश सभी बच्चों को संविधान के विभिन्न अधिनियमों/कानूनों के प्रावधानों के अंतर्गत निहित अधिकारों का लाभ लेने हेतु सक्षम बनाना है। आयोग द्वारा 10 सित बर 2023 को प्रातः 9ः00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष जिला सिवनी में बाल अधिकारों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के निराकण हेतु आयोग की बेंच/कै प का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों के संबंध में नि न प्रकार की शिकायते प्राप्त कर उनकी शिकायत का निराकरण किया जायेगा। जो नि नानुसार हैं- बाल श्रम संबंधी शिकायते, दिव्यांग बच्चों से संबंधी शिकायते, बाल भिक्षावृत्ति, बाल शोषण, बाल व्यापार, बाल मृत्यु, गुमशुदा बच्चें, बाल अपहरण, बाल हत्या, बाल आत्महत्या, बाल अधिकारों का हनन संबंधी शिकायतें, बाल देखरेख संस्थाएँ, छात्रावास संबंधी शिकायतें, बाल शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित शिकायतें, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, आई.टी. ऐ ट 2000, साइबर से टी से संबंधित शिकायतें, बाल स्वास्थ्य देखरेख, बाल कल्याण एवं बाल विकास से संबंधित शिकायतें, बाल मनोविज्ञान से संबंधित शिकायतें, बच्चों के संबंध में असुरक्षित परिवार एवं अतिसंवेदनशील बच्चों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

## सहकार से समृध्दि योजना की कले टर ने की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सहकार से समृध्दि योजनांतर्गत समीक्षा बैठक का आयोजन कले टर चैंबर में किया गया। जिसमें सहकारिता, कृषि, मत्स्य, पशुपालन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में श्री सिंघल ने योजनांतर्गत नवीन सहकारियों समितियों के गठन के साथ साथ समितियों की आय में वृध्दि के लिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों से जोड़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने सहकारी समितियों को दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण, मत्स्य पालन, अन्न भण्डारण, सीएचसी, जन औषधि केन्द्र, पेट्रोल पंप संचालन एवं उर्वरक वितरण जैसी गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाकर एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जबरन नॉलेज




## नपा में या ऊधम हो गया? राजनैतिक क्षेत्र में भू-चाल

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद में बीते दिवस ऐसा कुछ हो गया है कि राजनैतिक क्षेत्र में भारी भू-चाल की स्थिती निर्मित हो गयी है परंतु हुआ या है यह स्पष्ट नहीं हो रहा है । नगर पालिका अध्यक्ष अपने समर्थक साथियों के साथ कोर्ट परिसर में भारी परेशान होते हुये दिखाई दे रहे थे तो वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने अपने निर्धारित कार्यक्रम स्थागित कर नपा अध्यक्ष के साथ मीटिंग करते रहे और नगर पालिका को लेकर व्यापक चर्चाएँ होते रही । वहीं भारतीय जनता पार्टी के खेमे में भी नगर पालिका से संबंधित मुद्दे पर चर्चा का दौर दिन भर चलते रहा । राजनैतिक चर्चाओं के साथ ही नगर पालिका के लोग कानूनी सलाहकारों से विचार विमर्श करते हुये देखे गये ।

नगर पालिका परिषद में अचानक उठे बवाल के संबंध में बताया जा रहा है कि नगर पालिका अध्यक्ष से संबंधित कोई विषय है जिस पर नपा अध्यक्ष की अध्यक्षी खतरे में होने की बात कही जा रही है । बताया जा रहा है कि नपा अध्यक्ष ने कुछ दस्तावेज निर्वाचन प्रक्रिया के समय गलत प्रस्तुत किये है जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की गयी है । बताया जा रहा है कि यह मामला हाई कोर्ट से जिला कले टर के पास पहुँच है जिस पर संज्ञान जिला कले टर द्वारा लिया जाना है । संभावना जताई गयी है कि मामला संतान को लेकर है और इनके भवन निर्माण सहित जाति प्रमाण पत्र को लेकर ऐसीजानकारी है जिससे संबंधित दस्तावेज के संबंध में अध्यक्ष को स्पष्टीकरण देना के लिये कहा गया है ।

## स्नेह यात्रा के माध्यम से जन-जन को दिया जा रहा समरसता का संदेश

सिवनी यशोः- लखनादौन विकासखंड में स्नेह यात्रा मंगलवार 22 अगस्त को ग्राम नागनदेवरी पहुंची, जहां पर ग्राम के प्रबुद्धजनों धार्मिक श्रद्धालुओं के द्वारा सन्त स्वामी परमात्मानंद गिरी महाराज का आत्मीय स्वागत किया गया। तत्पश्चात खेर माई माता मंदिर प्रांगण में पूजन अर्चन के उपरांत स्वामी जी द्वारा स्नेह यात्रा के उद्देश्य के साथ उपस्थित नगर वासियों को समरसता संदेश देते हुए कहा गया की हमे समाज से ऊंच-नीच छुआछूत जात पात जैसी जटिल समस्या को समाज से पूरी तरह दूर करना होगा। उन्होंने बताया कि मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा एवं संतो के नेतृत्व में प्रदेश के सभी 52 जिलों में स्नेह यात्रा संचालित की जा रही है। स्नेह यात्रा के द्वारा जन-जन के बीच समरसता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। यात्रा में मप्र जन



अभियान परिषद के यात्रा प्रभारी जिला समन्वयक सौरभ शु ला की उपस्थिति रही एवं समाजसेवी सुदामा गुप्ता, मनोज साहू, चंद्रप्रकाश शर्मा, मोहन सिरबैया ने किया कार्यक्रम संयोजन विकास खंड यात्रा प्रभारी रीता वर्मा श्रीवास्तव यात्रा में सहयोगी हुए एवं धार्मिक व समाजसेवी संगठनों, समस्त यात्रा ग्रामो के प्रबुद्धजनों, ग्रामीणजनों ने स्नेह यात्रा में शामिल हो सहयोग दिया गया।

स्नेह यात्रा स्नेह यात्रा मंगलवार 22 अगस्त को ग्राम नागनदेवरी, बंधा, मोहगांव धूमा, घोघरीकला, बरवाड़ा, मकरझर, कन्हईडोंगरी, लखनादौन, गंगई, भरगा, ग्राम ज्वारा से सोहागपुर पहुंची। इस दौरान यात्रा का जगह जगह ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संतो द्वारा संवाद कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को समरसता का संदेश दिया गया। बुधवार 23 अगस्त को स्नेह यात्रा ग्राम कल्याणपुर, मढ़ी, जमगांव, रैली, दिघी, झिरी, केकड़ा, डागावानी एवं ग्राम चमारीखुर्द पहुंचेगी।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को आज मिलेगी मु यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत निःशुल्क स्कूटी

सिवनी यशोः- मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ई-स्कूटी योजना अंतर्गत प्रदेश के साथ ही जिले में संचालित शास.हायरसेकेण्डरी स्कूलों के 202 पात्र छात्र-छात्राओं को उनके विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किये जाने पर स्कूटी प्रदाय किया जाना है। उक्त संबंध में जिलास्तर में भी गुरुकृपा लॉन लूघरवाड़ा सिवनी में दिनांक 23 अगस्त 2023 से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पात्र छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके परिवारजनों को आमंत्रित किया गया है।

## शासकीय एवं अनुदान प्राप्त समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में 26 अगस्त को होगा शाला प्रबंधन समिति का गठन

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशों के परिपालन में जिला अंतर्गत सभी शासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त कुल 2136 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शाला प्रबंधन समिति (स्स्ष्ट) का गठन 26 अगस्त 2023 को किया जाएगा। स्स्ष्ट में अधिकतम सदस्यों की सं या 18 होगी, जिसमें से 14 सदस्य स्कूल में नामाकिंत बच्चों के पालकों या अभिभावकों में से होगें एवं 4 सदस्य मनोनीत सदस्य होगें। शाला का प्रधानपाठक / वरिष्ठ शिक्षक एसएमसी का सदस्य सचिव होगें। एसएमसी में 50 प्रतिशत सदस्य महिलाएं होगीं। उक्त संबंध में पालकों से 26 अगस्त 2023 को संबंधित शाला में अपनी उपस्थिति प्रदान कर एसएमसी गठन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## स्वरोजगार/ रोजगार दिवस कार्यक्रम 24 अगस्त को

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि गुरूवार 24 अगस्त 23 को जनपद पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय स्वरोजगार/ रोजगारदिवस एवं महिला स मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्वरोजगार/ रोजगारदिवस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभागांतर्गत संचालित योजनाओं एवं योजनाओं का लाभ लेने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदाय की जाएगी।

## भाजपा की जीत व्यापक जनसंपर्क के माध्यम से गरीब कल्याण और विकास को ताकत बनाये - पोते

### प्रदेश व्यापी विधायक प्रवास के तहत प्रवीण पोते लखनादौन पहुँचे

सिवनी यशोः- प्रदेश व्यापी विधायक प्रवास कार्यक्रम जिले की लखनादौन विधानसभा के प्रवास के दौरान महाराष्ट्र विधानपरिषद के विधायक प्रवीण पोते ने मंगलवार को लखनादौन मंडल के नगर में भाजपा जिला महामंत्री एवं विधानसभा प्रभारी जयदीप सिंह चौहान के साथ अनेक संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम भाजपा की विजय सुनिश्चित करने के लिये पार्टी जनों एवं आमजनों से संवाद किया । विधायक श्री पोते ने अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम लखनादौन विधानसभा कोर कमेटी की बैठक ली उसके पश्चात मंडल की कार्यसमिति की बैठक ली और कार्यकर्त्ताओं से कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार ने आदिवासी समाज और समाज के वर्ग के कल्याण के लिये अनेक योजनाओं के माध्यम से काम किया है । संभव है अनेक बातो को लेकर सरकार और संगठन के व्यक्तियों की एक दूसरे कोई नाराजगी हो परंतु उस नाराजगी का विपरीत प्रभाव हमारे



चुनाव पर न पड़े हमारा केवल लक्ष्य भाजपा की जीत हो । श्री पोते ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता और निष्ठावान और समर्पित भाव से पार्टी का काम करने के लिये संकल्पित होते है इस बार एक जुटता से इस विधानसभा में रिकार्ड मतो से भाजपा की जीत सुनिश्चित करना हम सबकी जि मेदारी है । ।श्री पोते ने कहा कि विधानसभा के हर बूथ तक भाजपा की टीम चुनाव के लिये तैयार खडी है इस टीम को सक्रिय कर भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास की बाते जन जन तक पहुँचाने के लिये सक्रियता से जुटने की आवश्यकता है ।

विधायक प्रवास कार्यक्रम के संबंध में लखनादौन मीडिया विभाग ने बताया कि विधायक प्रवास कार्यक्रम के तहत श्री पोते ने लखनादौन विधानसभा के लखनादौन मंडल में मंगलवार को प्रवासी विधायक श्री पोते ने विधानसभा कोर कमेटी, मंडल कार्यसमिति की बैठक ली उसके पश्चात संगठन के विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर कार्यकर्त्ताओ को जीत के संकल्प के साथ कार्य करने का मंत्र दिया और फिर संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत नगर में निवासरत सेवनिवृत शासकीय कर्मचारी अधिकारियों के निवास पर पहुँचकर उनसे संवाद किया, भाजपा के विचार परिवार के संगठन कार्यकर्त्ताओं से भेंट की । विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत सेड नदी पर पहुँचकर बनाये गये ऐतिहासिक पुल के दर्शन किये, शासन द्वारा चलाये जा रहे स्नेह यात्रा के कार्यक्रम में सहभागिता की । श्री पोते ने नगर में निवासरत भाजपा के वरिष्ठ कार्यरताओं एवं पूर्व पदाधिकारियों से भेंट की इसके पश्चात एक समूह बैठक ली जिसमें व्यापारी, कृषक, श्रमिक एवं प्रतिष्ठजन उपस्थित रहे । श्री पोत ने नगर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा की, कार्यक्रम के अंत में भाजपा के वरिष्ठ कार्यर्त्ताओं एवं भाजपा के पार्षदें निर्वाचित ग्राम निकाय के जनप्रतिनिधियों से संगठन के संबंध में चर्चा की और सभी से पूरी क्षमता के साथ भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की बात कही।

पोते के प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विधायक प्रवास के जिला प्रभारी जयदीप सिंह चौहान, पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष विजय उईके, अनिल गोल्हानी, संदीप उईके, नाहर पटेल, रंजीत साहू, सौरभ तिवारी, गजेन्द्र दुबे, आशीष गोल्हानी, रोहणी गोल्हानी, मुकेश अग्रवाल, बनबारी रजक एवं मंडल के मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

## खाद्य प्रसंस्करण इकाई प्रारंभ करने स्वसहायता समूहों को किया गया प्रोत्साहित

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार पीएम-एफएमई योजना के अंतर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय विकासखंड लखनादौन में आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों को खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना हेतु योजना की जानकारी दी गई, कै प में 30 समूहों से लगभग 55 महिलाएं उपस्थित रही। इस कै प में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री जयशंकर धुर्वे एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी डेविस वाकड़े द्वारा PmFME योजना की जानकारी दी गई एवं जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा इच्छुक समूहों के आवेदन किये गए। दस दौरान NRLM लखनादौन से प्रशांत राय उपस्थित रहे।

## नोडल अधिकारियों की बैठक स पन्न

### सौंपे गये दायित्वों का गंभीरता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें- सिंघल

सिवनी यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, स्वीप गतिविधियां, व्यय लेखा प्रबंधन, परिवहन प्रबंधन, शिकायत निवारण, सामग्री प्रबंधन, क प्युनिकेशन प्लान इत्यादि अन्य कार्यो हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।



इसी क्रम में सोमवार 21 अगस्त को कले ट्रेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के रूप में नियुक्त अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए निर्वाचन संबंधी दायित्वों का आयोग के नवीन दिशा-निर्देशों अनुरूप समय सीमा में स पन्न करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी नवीन दिशा निर्देशों का अक्षरशः अवलोकन कर पालन सुनिश्चित करने के के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री पंवार नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनाप सहित नोडल के रूप में नियुक्त सभी विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## मतदाता सूची में 31 अगस्त तक जुड़वाये जा सकेंगे नाम

सिवनी यशोः- जिले में 02 अगस्त 23 से प्रारंभ हुये मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने, दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित कराने तथा पूर्व से दर्ज प्रविष्टियों में संशोधन कराने के लिये 31 अगस्त तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के तहत दो अगस्त को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है । आम नागरिक या मतदाता अपने मतदान केंद्र पर प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन कर सकेंगे तथा मतदान केंद्र पर ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपित करने या नाम में संशोधन के लिये फार्म-6, फार्म-7 या फार्म-8 में दावा-आपत्ति दे सकेंगे । इसके साथ ही ऐसे युवा जो 1 अ टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने फार्म-6 में अग्रिम आवेदन दे सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, विलोपित कराने तथा संशोधन के 31 अगस्त तक प्राप्त हुये आवेदनों (दावे-आपत्तियों) का निराकरण 22 सितंबर तक किया जायेगा तथा चार अ टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 31 अगस्त तक प्रत्येक कार्यदिवस पर बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इसके साथ ही से टर अधिकारियों को उनके क्षेत्र से सर्बधित मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का वाचन कराने तथा एक घर में छह से अधिक मतदाता होने पर उनका भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गये हैं।

# पाकिस्तान की माँग के लिये मुस्लिम लीग के डायरे ट ए शन में पंजाब और बंगाल में लग गये थे लाशों के ढेर

रमेश शर्मा-

पन्द्रह अगस्त 1947 को भारतीय स्वतंत्रता और यह वर्तमान स्वरूप सरलता से नहीं मिला। यह दिन मानों रक्त के सागर से तैरकर आया है। बलिदानियों ने जितना बलिदान विदेशी आक्रांताओं से मुक्ति के लिये दिया। उतना ही बलिदान अपने स्वत्व को सुरक्षित रखने के लिये दिया है और स्वतंत्रता के साथ हुये भारत विभाजन में तो भीषण नरसंहार हुआ ही था लेकिन इससे पहले भारत विभाजन की माँग को बल देने के लिये भी हत्यारों ने लाशों के ढेर लगा दिये थे।

यह नरसंहार 16 अगस्त 1946 से शुरु हुआ और मात्र पाँच दिन में बंगाल और पंजाब में लाशों के इतने ढेर लग गये थे कि उन्हे उठाने वाले भी नहीं बचे थे।

लोग हत्यारों के भय से भागकर जंगलों और अन्य प्रांतों में भाग गये थे। लाशों की सड़ाँध से बीमारियाँ और मौतें हुई सो अलग। इन पर लगाम 21 अगस्त के बाद लग सकी। अपने लिये पृथक देश पाकिस्तान की माँग को सशक्त बनाने केलिये मुस्लिम लीग ने इस डायरे टर ऐ शन का आव्हान अचानक नहीं किया था। इसकी तैयारी सालों से की थी। एक अलग मुस्लिम राष्ट्र का वातावरण बनना 1887-88 के आसपास से आरंभ हो गया था।

इसकी झलक सर सैय्यद अहमद के भाषणों से मिलती है। इसे आकार देने के लिये 1906 में मुस्लिम लीग अस्तित्व में आई और 1930-31 में पाकिस्तान नाम भी सामने आ गया था।

उसी प्रकार इस डायरे ट ऐ शन की तैयारी भी वर्षो से की जा रही थी। 1931 में मुस्लिम लीग ने बाकायदा सशस्त्र सैनिकों की भर्ती आरंभ कर दी थी। इसे ÷मुस्लिम लीग आर्म गार्ड÷ नाम दिया गया था। 1944 तक अलग-अलग नगरों में इनकी सं या 22 हजार तक पहुँच गई थी। फरीदपुर में इसका प्रशिक्षण केन्द्र था। इसके एक प्रशिक्षण शिविर में बंगाल के मु यमंत्री सोहरावर्दी भी उपस्थित थे उन्होंने इस इन ÷आर्म गार्ड÷ को पाकिस्तान के लिए ÷उपलब्धि÷ बताया था।

1946 में ऐसे ही एक प्रशिक्षण शिविर में अब्दुल मोबेन खान ने सं या बढ़ाकर एक लाख करने की आवश्यकता बताई थी । बंगाल में इनकी गतिविधि का केन्द्र कलकत्ता था। इसीलिए बंगाल का विवरण भारत में है। किंतु पंजाब और सिंध में इसका केन्द्र रावलपिंडी, लाहौर और मुल्तान में था। यह क्षेत्र अब पाकिस्तान में हैं इसलिये वहाँ का कोई विवरण अब भारत में नहीं मिलता।

भारत विभाजन के लिये अंग्रेज और मुस्लिम लीग एक राय थे पर काँग्रेस में कुछ असमंजस थी इसलिए निर्णय की घोषणा में विलंब हो रहा था। काँग्रेस के हर नेता ने पहले विभाजन का विरोध किया था। काँग्रेस पर दबाव बनाने के लिये मुस्लिम लीग ने डायरे ट ऐ शन के नाम पर यह




नरसंहार किया था। डायरे ट ऐ शन की घोषणा करने के पहले लीग ने खुली चेतावनी दी थी।

जुलाई 1946 में मोह मद अली जिन्ना ने बॉ बे में अपने घर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में घोषणा की थी कि- ÷मुस्लिम लीग संघर्ष शुरू करने की तैयारी कर रही है÷ और ÷एक योजना भी तैयार कर ली है÷। उन्होंने स्पष्ट कहा था- ÷यदि मुसलमानों को अलग पाकिस्तान नहीं दिया गया तो वे ÷सीधी कार्रवाई÷ शुरू करेंगे÷।

फिर अगले दिन जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को ÷प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस÷ ????होने की घोषणा कर दी। जिन्ना ने कांग्रेस को चेतावनी दी- ÷हम युद्ध नहीं चाहते हैं, यदि आप युद्ध चाहते हैं तो हम आपके प्रस्ताव को बिना किसी हिचकिचाहट के स्वीकार करते हैं। हमारे पास या तो एक विभाजित भारत होगा या एक नष्ट भारत होगा÷ जिन्ना की इस शब्दावली में भविष्य की पूरी तस्वीर का संकेत है। इसके साथ मुस्लिम लीग के सभी वरिष्ठ नेता संभावित पाकिस्तान के पूरे क्षेत्र में सक्रिय हो गये । बंगाल में इस अभियान की कमान मु यमंत्री सोहरावर्दी के हाथ में थी।

मुस्लिम लीग की इस चेतावनी के साथ ही बंगाल और पंजाब के मुस्लिम आबादी बाहुल्य इलाकों से हिन्दुओं का पलायन आरंभ हो गया था। हिन्दुओं में इस भय का कारण बंगाल और पंजाब में निरंतर बढ़ती सा प्रदायिक घटनाएँ थीं। जिनमें 1930 के बाद तेजी आई। जिसमें पुलिस तटस्थ रहती।

पुलिस के तटस्थ रहने का कारण यह था कि जहां मुस्लिम लीग समर्थक सरकारें थीं वहां पाकिस्तान समर्थक नौजवानों को योजनानुसार पुलिस में भर्ती किया गया था । और अन्य प्रांतों में सशस्त्र बालेन्टियर तैयार किये थे । इसलिये इन क्षेत्रों में हिन्दुओं में भय होना स्वाभाविक था और पलायन आरंभ हो गया था। अंततः 1946 में 16 अगस्त का दिन आया। सबने मिलकर इतनी हिंसा की जिसे देखकर समस्त भारत वासियों की आत्मा कांप गयी। और अंत में बंटवारे का मसौदा तैयार हो गया।

पाकिस्तान की माँग के लिये हुआ यह डायरे ट ऐ शन कितना भीषण था इस का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि केवल तीन दिन में बंगाल और पंजाब की गलियाँ लाशों से पट गयीं थीं। लाखों घर तोड़ डाले गये थे लूट और महिलाओं से किये गये अत्याचार की गणना ही न हो सकी।

यह डायरे ट ऐ शन देश भर में अलग-अलग स्थानों पर अलग दिन चला तो कहीं एक दिन कहीं सप्ताह भर। कहीं कहीं तो तनाव में महीनों रहा। बंगाल के कंट्रोल रूम का नियंत्रण सीधा मु यमंत्री सोहरावर्दी के हाथ में था । वे वहीं बैठकर निर्देश दे रहे थे। अंत में 21 अगस्त को वायसराय ने बंगाल का प्रशासन अपने हाथ में लिया और सेना भेजी। तब 22 अगस्त से स्थिति नियंत्रण में आना आरंभ हुई ।

अलग पाकिस्तान की मांग पर अड़े मुस्लिम लीग और जिन्ना की पीठ पर अंग्रेजों का हाथ था। जिन्ना और उनकी टीम को हर काम करने और अभियान चलाने की मानों खुली छूट थी। इसका पूरा फायदा मुस्लिम उठा रही थी।

बंगाल की पुलिस के साथ मुस्लिम लीग के सशस्त्र नौजवान सक्रिय थे तो उत्तर प्रदेश बिहार आदि अनेक स्थानों में लीग के सशस्त्र नौजवान खुले आम हिंसा कर रहे थे। ये नौजवान इशारा मिलते ही मैदान में आकर डट जाते थे। इस डायरे टर ऐ शन में बंगाल में ढाका, कलकत्ता चटगाँव के अलावा पंजाब सिंध में रावलपिंडी, मुल्तान, लाहौर, पेशावर, कै पबेलपुर, झेलम आदि स्थानों पर भारी हिंसा हुई। इस हिंसा के सं या के अलग अलग दावे हैं। पंजाब में यह सं या चालीस हजार तक अनुमानित है तो और बंगाल में बाईस हजार। मुस्लिम लीग के प्रभाव वाले स्थानों से जगह जगह एक निश्चित समय पर सशस्त्रा भीड़ निकली, जो दिखा उसे मार डाला गया। पंजाब में कहीं कहीं प्रतिरोध भी हुआ और दंगे शुरु हुये लेकिन बंगाल में कोई प्रतिरोध न हो सका। वहां हिंसा एक तरफा रही थी इसका कारण यह था कि बंगाल में सत्ता के सूत्र सोहरावर्दी के हाथ में थे। उन्होंने अवकाश घोषित कर दिया था।

सरकारी तंत्र में मौजूद जिन्ना और पाकिस्तान समर्थकों को अवसर मिला। सरकारी सैनिक भी हथियार लेकर निकल पड़े, जो गैर दिखा उसे मार डाला गया, मौत का तांडव हो गया। अकेले कलकत्ता, नौवाखाली और ढाका में सोलह से 18 अगस्त के बीच बीस हजार मौतों का अनुमान है। जबकि पंजाब और बंगाल में लगातार हुये इस कत्ले-आम के सारे आकड़े जोड़े तो एक लाख तक होने का अनुमान हैं। दहशत इतनी ज्यादा कि लोग लाशें उठाने तक न आये। लाशे ह तों तक पड़ी सड़ती रहीं। उससे बीमारियाँ फैली, घायलों की जो बाद में मृत्यु हुई उन आँकड़ों का विवरण कहीं नहीं है। अधिकांश विवरण तो पाकिस्तान चला गया। जो बचा है वह कलकत्ता, उत्तर प्रदेश, हैदराबाद, बिहार आदि के हैं।

अंततः साल भर बाद भारत विभाजित हो गया। पाकिस्तान को पंजाब और बंगाल के आधे आधे हिस्से दिये गये । पाकिस्तान समर्थक पूरा पंजाब और पूरा बंगाल चाहते थे। जब बातचीत से बात न बनी और इन दोनों प्रांतों का विभाजन निश्चित हुआ तब पाकिस्तान समर्थकों ने पुनः हिंसा शुरू करदी। वे हिंसा के द्वारा अधिक से अधिक भूमि पर कब्जा करने की रणनीति उतर आये। वे पुनः मारकाट पर उतर आये।

आजादी के समझौते के अनुरूप ब्रिटिश सेना दस अगस्त से अपना कैंप खाली करने लगी थी और तेरह अगस्त तक लगभग ज्यादा तर कैंप खाली हो गये थे। इसका एक कारण यह भी था कि 1857 की क्रान्ति में अंग्रेज़ी सैनिक निशाना बनाये गये थे। इसलिये अंग्रेजी हुकूमत को अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहले भेजना था। इससे हिंसक तत्वों का हौसला बढ़ा और उन्होंने फिर मारकाट शुरु कर दी।

नतीजा` या हुआ कितने लोग मारे गये यह सब इतिहास के पन्नो में दर्ज है। पंजाब और बंगाल की गलियाँ एक बार फिर लाशों से पट गई । ये खूनी गलियों में से ज्यादातर अब पाकिस्तान में है और कुछ बंगलादेश में।

इस तरह के इतिहास की स्मृतियाँ भारतीयों को बहुत बोझिल बनाती है। समूचे भारत वासियों को जाग्रत और संगठित रहने का संदेश देती हैं। जो घट गया है उसे बदला नहीं जा सकता है। आज अतीत की घटनाओं से सबक लेकर भविष्य की राह बनाने का है। सुरक्षित भविष्य के लिये भारत वासियों को संगठित रहने का संकल्प लेना होगा और अपने बीच किसी भी भेद कराने वाली बातों से सतर्क रहना होगा। तभी अमृत महोत्सव सार्थक हो सकेगा।

# अखंड भारत संकल्प नहीं अब प्रयास दिवस मनाएं- सोनी

ग्वालियर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने कहा कि अब अखंड भारत संकल्प दिवस नहीं प्रयास दिवस मनाएं। यह सफलता तभी मिलेगी जब हम सांस्कृतिक, सामाजिक समरसता और एकजुटता का परिचय देंगे।

वह रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना-नाहेप, कृषि विवि एवं अखंड भारत संकल्प समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति प्रो.अरविन्द शु ला ने की। मु य



अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डे थे।

मु यवक्ता सोनी ने कहा कि इजरायल के लोग 1800 साल तक कई देशो में भटकते रहे, लेकिन वह अपने देश को नहीं भूले। वह जब भी आपस में मिलते तो यही कहते थे कि अगली मुलाकात हमारी यरुशलम में होगी। जबकि हमारे देश का बंटवारा 1947 में हुआ है। इतने कम समय में भी हमारे लोगों को यह नहीं पता है कि पाकिस्तान में हमारे कौन-कौन से प्रांत गए हैं।

उन्होंने कहा कि युवा चिंतन-मनन कर अखंड भारत के लिए प्रयास करें। अपनी गुलामी की मानसिकता और इसके चिन्हों को मिटाने का प्रयास करें। श्री सोनी ने कहा कि वर्तमान में विश्व पटल पर भारत की भूमिका बढ़ती जा रही है।

कुलपति श्री शु ला ने पुराणों का उद्धरण देते हुए कहा कि भारत की स यता एशिया महाद्वीप तक थी। भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति अपनी इच्छाशक्ति से खंड-खंड भारत का अखंड भारत बना सकता है। इससे पहले अतिथियों का परिचय मुनीन्द्र कुशवाह ने दिया। अतिथियों का स्वागत राजेन्द्र शर्मा, विवेकानंद भदौरिया, प्रो.चन्द्रशेखर मालवीय ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.वीरेन्द्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका स्मृति में प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# आम आदमी को राहत देने बनी हैं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाएं - मु यमंत्री चौहान

***न्यूज चैनलों से समाज और सरकार की सकारात्मक गतिविधियों को स्थान देना भी अपेक्षित**

***मु यमंत्री चौहान एनडीटीवी के क्षेत्रीय एमपी-सीजी चैनल के शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल**

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं द तरों के कमरों में बैठकर नहीं बनाई गई हैं, यह प्रदेशवासियों की पीड़ा, उनके कष्ट को महसूस कर आम आदमी को राहत देने के मकसद से बनी है।

मु यमंत्री चौहान राष्ट्रीय टीवी चैनल एनडीटीवी द्वारा मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ पर केंद्रित क्षेत्रीय चैनल के शुभारंभ अवसर पर होटल ताज लेक फ्रंट में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मु यमंत्री चौहान ने प्रदेश में क्षेत्रीय चैनल आरंभ करने के लिए एनडीटीवी प्रबंधन को बधाई दी। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपेक्षा है कि प्रदेश में आरंभ होने वाला यह चैनल समाज और सरकार की सकारात्मक गतिविधियों को भी अपने कव्हरेज में उपयुक्त स्थान देगा।

मु यमंत्री चौहान ने कहा कि बहन-बेटियों के प्रति हो रहे भेदभाव से उन्हें मुक्त कराने के लिए लाड़ली लक्ष्मी और मु यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित महिला सशक्तिकरण की अनेक योजनाएं प्रदेश में क्रियान्वित की गई। किसान कल्याण और कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए सिंचाई पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। वित्तीय क्षेत्र में भी प्रदेश में कई नवाचार हुए, परिणाम-स्वरूप निवेश बढ़ा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित हुए।

मु यमंत्री चौहान ने सीखो-कमाओ योजना की जानकारी भी दी। मु यमंत्री चौहान ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार सज्जनों के लिए फूल से अधिक कोमल और दुर्जनों के लिए वज्र से अधिक कठोर है।

# विदिशा में महिला ने चार पैर वाली बच्ची को दिया जन्म

विदिशा। विदिशा के बामोरा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को एक महिला ने चार पैर वाली नवजात बच्ची को जन्म दिया है। फिलहाल, बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे भोपाल के एस अस्पताल में रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, कुरवाई तहसील में ग्राम जाखेड़ी की रहने वाली 25 वर्षीय धनुष बाई पति फूल सिंह प्रजापति को उनके परिजन डिलीवरी के लिए लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लेकर आए थे। जहां महिला की डिलीवरी करने वाली नर्स ने देखा कि प्रसूता ने चार पैर वाली एक बच्ची को जन्म दिया है, जिसे विदिशा के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया और गंभीर हालत को देखते हुए वहां से भोपाल के एस अस्पताल में भेजा गया है।

विदिशा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ सुनील नंदेश्वर का कहना है कि डॉ टर्स इसे मेडिकल की भाषा में %इशियोपेगस÷ कहते हैं, जो कि लाखों में से एक बच्चे में इस तरह से अतिरिक्त अंग विकसित होते हैं। नवजात में शारीरिक विकृति है और कुछ रूण अतिरिक्त बन गया है। इससे गर्भ में पल रहे शिशु में शरीर के नीचे के भाग का अतिरिक्त विकास हो जाता है। ऐसे बच्चों को सर्जरी के जरिए नॉर्मल किया जाता

# देवारण्य योजना में किसानों को औषधि पौधों की खेती के लिए किया जा रहा है प्रोत्साहित

**40 जिलों में जिला स्तरीय समिति गठित**

भोपाल। प्रदेश में औषधि पौधों की खेती के रकबे को बढ़ाने के लिए देवारण्य योजना पर काम किया जा रहा है। योजना में 40 जिलों में जिला और ब्लॉक स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। योजना का मकसद किसानों विशेषकर जनजाति क्षेत्र के किसानों की कृषि आय में बढ़ोत्तरी करना है। योजना का क्रियान्वयन आयुष विभाग द्वारा किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 37 प्रतिशत क्षेत्र वन आधारित है, जो भारत के कुल वन क्षेत्र का 12.27 प्रतिशत है। प्रदेश के वनों में बड़ी मात्रा में दुर्लभ औषधि पौधे पाये जाते हैं देवारण्य योजना के द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक रूप से उपलब्ध प्रत्येक प्रकार के औषधीय पौधों के संरक्षण और वैज्ञानिक रूप से दोहन और संग्रहण की प्रणाली का विकास किया जा रहा है। योजना में सरकार के विभिन्न विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर विभिन्न औषधीय पौधों की पैदावार बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न जलवायु वाले क्षेत्रों में औषधि पौधों के उत्पादक किसानों को संगठित कर प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। योजना का क्रियान्वयन आयुष, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण और किसान-कल्याण एवं कृषि विभाग संयुक्त रूप से कर रहे हैं।

**51 प्रकार के औषधीय पौधों की पैदावार के लिए मनरेगा से मदद**

प्रदेश में औषधि पौधों खेती का बढ़ावा देने के लिए किसान को 51 प्रकार की औषधि पौधों की खेती करने के लिए मनरेगा से मदद दी जा रही है। राज्य औषधीय पादप बोर्ड का गठन किया गया है। जनजातीय क्षेत्रों के किसानों ने योजना का लाभ लेते हुए करीब 7000 हे टेयर क्षेत्र में औषधि पौधे लगाये हैं। करीब 600 से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन नीमच कृषि उपज मंडी में कराया है। राज्य औषधीय पादप बोर्ड द्वारा औषधि पौधों के भंडारण और विपणन के लिए आयुष औषधि उत्पादन करने वाली कंपनियों के साथ एमओयू करने के प्रयास किए जा रहे है।

# नाग पंचमी पर एनजीओ ने पकड़ा सैंड बोया प्रजाति का सांप, मुंह धागे से सिलकर लाए थे

भोपाल। नाग पंचमी पर वन विभाग और एनजीओ ने मिलकर बड़ी सं या में सपेरों के पास से सांप रेस्‍क्‍यू किए। एक सपेरा सांप का मुंह सिलकर लाया था। जिसे रेस्‍क्‍यू करने के बाद वन विभाग ने धागों को काटकर वन विभाग भेज दिया। भोपाल वन मंडल के डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि एनजीओ की मदद से कई सांपों की टोकरियां मिली है। इसमें एक सांप सैंड बोया प्रजाति का भी पाया गया। इसकी जांच की जा रही है।

# समरसता के साथ स्वच्छता का भी संदेश दे रही है स्नेह यात्रा

भोपाल । प्रदेश के सभी जिलों में पूज्य संतों के सान्निध्य में स्नेह यात्रा समरसता के साथ-साथ अब स्वच्छता का भी संदेश दे रही है। यात्रा के आगमन से पहले ही गाँव-गाँव में मुनादी हो जाती है। उत्सुकता से लोग स्नेह यात्रा दल की प्रतीक्षा करते हैं। यात्रा के आने से पहले बस्ती को खूब साफ-सुथरा कर लिया जाता है। देवास में 62 वर्षीय यशोदा अपने ओटले को साफ करते हुए गा रही हैं मैंने आँगन नहीं बुहारा तो कैसे आएंगे भगवान। भक्तिमति माता शबरी के ये शब्द प्रभु राम और माता शबरी के मिलन की भी याद कराते हैं। एक अन्य महिला यशोदा भी भाव-विभोर होकर कहती हैं हमारी बस्ती में संतजन का आना शबरी के आँगन में प्रभु राम के आने जैसा है। वही खुशी, वही आनंद, वही आत्मीयता और वही उल्लास, हम महसूस कर रहे हैं जैसा माता शबरी के आश्रम



में महसूस किया गया होगा।

**आ गया है यात्रा का मध्य पड़ाव**

मध्यप्रदेश जन-अभियान-परिषद, योजना, आर्थिक एवं सां यकी विभाग और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई स्नेह यात्रा प्रत्येक जिले में 11 दिवस प्रवासरत रहेगी।

**सहभागी संगठन भी हैं अभिभूत**

यात्रा के लिए मप्र जन अभियान परिषद नोडल एजेंसी है। सहभागी के रूप में अखिल विश्व गायत्री परिवार, रामचंद्र मिशन, योग आयोग संस्थान, पतंजलि योग पीठ एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास हैं। पतंजलि परिवार की प्रदेश प्रमुख पुष्पांजलि दीदी कहती हैं कि यह ऐतिहासिक है, ऐसा पहले नहीं हुआ। लोगों का उत्साह और उमंग संतजन को भी आश्चर्यचकित कर दे रहा है। यह हमारी गतिविधियों का स्थायी हिस्सा बनना चाहिए। गायत्री परिवार प्रदेश प्रमुख राजेश पटेल कहते हैं कि यह परिवार की मूल भावना से मेल खाता हुआ कार्यक्रम है। परम पूज्य गुरूदेव का संकल्प भी समतामूलक समाज का ही था। रामचंद्र मिशन के प्रदेश प्रभारी गजेंद्र गौतम का मानना है कि संस्थाओं के समन्वय से यात्रा में एक नया उत्साह आया है। सभी सहभागी संगठन को अपनी अवधारणा और कार्यक्रम के बहुत निकट पाते हैं और उसमें बढ़-चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं।

**सीएमसीएलडीपी के छात्र और मेंटर्स निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका**

प्रदेश के 313 विकासखंडों में मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के समाज कार्य स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम के छात्र यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छात्र सेवा बस्तियों में घर-घर जाकर पीले चावल डालकर सभी को स्नेह यात्रा के लिए आमंत्रित करते हैं। पाठ्यक्रम में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे मेंटर्स दस्तावेजीकरण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि भी यात्रा के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**निरंतर बढ़ रही है सहभागिता**

स्नेह यात्रा के दिन जैसे-जैसे बढ़ते जा रहे हैं वैसे-वैसे जन-समुदाय की सहभागिता भी बढ़ती जा रही है। पूरक जन-संवादों में जहाँ 100-200 की सं या जुटती है वहीं दोपहर और शाम को होने वाले सत्संग और सहभोज में 700 से 1000 लोग जुट रहे हैं। शाम के सहभोज में पूरा गाँव इकट्ठा होकर जन-सहभागिता से संग्रहीत सामग्री से भंडारे में सहभागी बनता है। स्नेह यात्रा ऊँच-नीच का भेदभाव मिटाकर समरसता की नई पहचान बन रही है।

# चीतों की मौत सड़ा माँस खाने से नहीं हुई



**क्वारेंटाइन बोमा में चीतों को भैंस के पाड़े का ताजा माँस ही दिया जाता है**

**मु य वन्य-प्राणी अभिरक्षक ने किया स्पष्ट**

भोपाल। मु य वन्य-प्राणी अभिरक्षक असीम श्रीवास्तव ने बताया है कि दिनांक 20 अगस्त 2023 को कतिपय समाचार-पत्र में प्रकाशित खबर "चीतों की मौत सड़ा हुआ माँस खाने से हुई है"। यह तथ्यहीन एवं असत्य है।

मु य वन्य-प्राणी अभिरक्षक ने स्पष्ट किया है कि चीतों को क्वारेंटाइन बोमा में भोजन के रूप में भैंस के पाड़े का माँस दिया जाता है। जिन पाड़ों का माँस चीतों को दिया जाता है, उन्हें एक निश्चित अवधि तक क्वारेंटाइन किया जाता है। जिस दिन चीतों को भोजन देना होता है, उसी दिन इन पाड़ों का ताजा माँस कूनो के वन्य-प्राणी चिकित्सकों के परीक्षण के बाद ही निर्धारित समय-सारणी एवं मात्रा के अनुसार ही दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि कूनो पार्क प्रबंधन द्वारा 80 गाँवों में बनाये गये 400 से अधिक चीता मित्र पार्क प्रबंधन को चीता संरक्षण में निरंतर सहयोग करते हैं। चीता मित्रों द्वारा पार्क प्रबंधन के साथ निरंतर सहयोग किया जाता है।

## शासन प्रशासन की सद्धबुद्धि के लिए सहकारी समिति कर्मचारियों ने किया सुंदरकांड पाठ



सिवनी यशोः- अपनी मात्र 01 सूत्रीय वेतनमान की माँग के समर्थन में मध्यप्रदेश सहकारी समिति महासंघ के आह्वान पर जिले के समस्त लगभग 550 सहकारी समिति कर्मचारी पिछले 8 दिनों से अंबेडकर चौक जबलपुर रोड में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन अनूठे तरीकों से प्रशासन का ध्यानाकर्षण किया जा रहा है। मंगलवार के दिन हड़ताली कर्मचारियों ने धरना स्थल पर प्रशासन की सद्धबुद्धि के लिए सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड पाठ में समस्त ब्लॉक से बड़ी सं या में कर्मचारी उपस्थित हुए हड़ताल के चलते राशन दुकान के उपभोक्ताओं एवं क्षेत्र के किसानों को नजदीकी समितियों से प्राप्त होने वाली सेवाएं प्रभावित हो रही है। जिसका सहकारी समिति महासंघ ने खेद व्यक्त किया है। ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को एवं गरीब हितग्राहियों को राशन दुकान के माध्यम से आवश्यक सेवाएं इन सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा ही पहुँचाई जाती है। राशन दुकानों द्वारा प्रदत्त सेवाएं अति आवश्यक सेवाओ में आती है, सहकारी समिति कर्मचारी की जायज मांगो को शासन द्वारा नजर अंदाज करने के कारण सहकारी समिति कर्मचारियों को मजबूर होकर बीते 08 दिन से समूचे मध्यप्रदेश में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाना पड़ा है।जिला अध्यक्ष वंशी ठाकुर का कहना है कि हमारी सर्वप्रमुख मांग पै स सहकारी संस्थाओं में कार्यरत प्रभारी प्रबंधक/ सहायक प्रबंधक,लिपिक, कैशियर, विक्रेता, कनिष्ठ विक्रेता, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य,चौकीदार सहित आदि कर्मचारियों को वर्ष 2019 में जारी पै स सेवा नियम अनुसार कार्य के अनुरूप वेतनमान लागू कर तत्काल उसका लाभ प्रदाय किया जाये।

## जिलास्तरीय जनसुनवाई प्राप्त हुए 105 आवेदन



सिवनी यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री पंवार नवजीवन विजय एवं अपर कले टर श्री सी एल चनाप द्वारा जनसुनवाई में अपनी समस्या को लेकर आए आमजनों की समस्याओं को सुना गया। जनसुनवाई में सभी विभागाधिकारियों की भी उपस्थिति रही।

आयोजित जनसुनवाई में ग्राम ग्राम सहजपुरी निवासी रवि ठाकुर द्वारा राशन कार्ड बनाने विषयक, ग्राम तिंदुआ तह घंसौर निवासी विजय लखेरा द्वारा चना विक्रय करने उपरांत राशि दिलाए जाने विषयक, ग्राम बांकी निवासी श भूराम जंघेला द्वारा गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम सिरमंगनी निवासी सोहनलाल द्वारा बिजली बिल अधिक आने की शिकायत विषयक, विवेकानंद वार्ड सिवनी निवासी सलीम खान द्वारा जमीन का पट्टा प्रदाय करने बावत, ग्राम मानेगांवकलॉ निवासी ललिता नागपुरे द्वारा लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, गांधी वार्ड काली चौक निवासी भूपेन्द्र जैन द्वारा सेवानिवृत्त के पश्चात अर्जित अवकाश की राशि दिलाए जाने विषयक, अ बेडकर वार्ड सिवनी निवासी श्रीमती लता तिवारी द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाए जाने विषयक, ग्राम बेगरवानी धनौरा निवासी धनलाल द्वारा शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण की शिकायत विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी समग्र आईडी में नाम जोड़ने बावत, ग्राम धतुरिया निवासी रामगोपाल बघेल द्वारा खाद्यान्न प्रदाय करने विषयक सहित कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत श्री विजय एवं अपर कले टर श्री चनाप ने आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को आवेदनों पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही कर आवेदकों की समस्याओं का समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।

### आत्मा योजनांर्तगत सर्वोत्तम कृषक तथा कृषक समूह पुरुस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- उपसंचालक सह परियोजना संचालक आत्मा समिति किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के तत्वाधान में कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा योजनांतर्गत विभिन्न श्रेणी कृषि, मत्स्य, पषुपालन, कृषि अभियांत्रिकी, उद्यानिकी एवं रेशम पालन के पुरस्कार हेतु कृषकों/ कृषक समूहों का चयन किया जाना हैं। पुरस्कार के चयन के लिए वर्ष 2022-23 (रबी/खरीफ) में कृषकों द्वारा अपनाई गई तकनिकी, उपज एवं उत्पादकता के आधार पर किसानों का चयन किया जायेगा। विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिये प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित पांच कृषकों (अलग-अलग संकायों में) को दस हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। 10 जिलास्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार (अलग-अलग संकायों में) के लिये 25 हजार रू. प्रदाय किये जायेगें। जिलास्तरीय सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार के लिये 20 हजार रू. पांच समूहों को प्रदाय किये जायेगें।

इच्छुक कृषक पुरस्कार हेतु 31 अगस्त 2023 तक अपने संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ ब्लॉक टै नॉलोजी मैनेजर आत्मा, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पषुपालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग से आवेदन पत्र प्राप्त कर उनके मार्गदर्शन में आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। सर्वोत्तम कृषक का चयन 15 सितंबर 23 तक समिति द्वारा किया जायेगा।

## पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में त्रिस्तरीय सत्यापन

### अनाधिकृत व्यक्ति पकड़ा गया

भोपाल । मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 का आयोजन 12 अगस्त 2023 से पूर्ण सतर्कता एवं शुचितापूर्ण रूप से किया जा रहा है। अब तक कुल 3 लाख 8 हजार 672 अ यर्थियों के लिये परीक्षा का आयोजन 22 पालियों में किया गया। संचालक कर्मचारी चयन मंडल ने बताया कि परीक्षा में मण्डल द्वारा त्रिस्तरीय आधार सत्यापन किया जाता है ताकि अ यर्थी की सटीक पहचान सुनिश्चित किया जा सके।

जिला रतलाम के मारूति एकेडमी परीक्षा केन्द्र में 20 अगस्त 2023 को एक परीक्षार्थी द्वारा अपने स्थान पर अन्य व्यक्ति को भेजकर परीक्षा में पररूपधारण करने का प्रयास किया गया। उक्त अनाधिकृत व्यक्ति को मण्डल की सतर्कता के कारण आधार बायोमैट्रिक डेस्क पर सत्यापन के दौरान पहचान किया गया। संबंधित दोनों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है।

## विकास खण्ड घंसौर एवं लखनादौन में समाज में प्रेम, सौहार्द और समरसता का भाव जगाया गया



सिवनी यशोः- स्नेह यात्रा पूर्व निर्धारित रूट चार्ट अनुसार दिनांक 21 अगस्त को सुबह 10:00 बजे ग्राम पंचायत घंसौर से रवाना हुई और ग्राम पंचायत सारसडोल पहुंची, स्नेह यात्रा में श्री स्वामी परमानंद जी महाराज तथा यात्रा के साथ चल रहे सभी सदस्यों का स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच, सचिव एवं उपस्थित गणमान्यन नागरिकों द्वारा पुष्पं मालाओं से स्वाचगत किया गया। स्वागत के उपरांत स्वामी जी द्वारा उपस्थित समस्त जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए स्नेह यात्रा का मु य उद्देश्य बतलाया गया। संक्षिप्तक संवाद में स्वाामी जी द्वारा जन समुदाय के बीच इस यात्रा के माध्यषम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया गया। इसी कडी में यात्रा ग्राम सारसडोल,ग्राम रूपदोनमाल का भ्रमण करते हुए ग्राम गोरखपुर पहुंची जहां स्वाकमी जी द्वारा ग्रामीणों के घर-घर जाकर रक्षा सूत्र बांध कर सभी से आहवान किया की वे सब समरस भाव से एक जुटता के साथ मिलजुल कर रहें।

यात्रा के अगले पडाव में यात्रा मां धूमावती के नगर धूमा पहुंची जहां धूमावती माता मंदिर प्रांगण में पूजन अर्चन के उपरांत स्वामी जी द्वारा स्नेह यात्रा के उद्देश के साथ उपस्थित नगर वासियों को समरसता संदेश प्रेषित करते हुए कहा गया की हमे समाज से ऊंच-नीच छुआछूत जात पात जैसी जटिल और गंभीर बीमारी को अपने से पूरी तरह दूर करना होगा, उन्होंने उपस्थित जनो को इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करते हुए कहा की इस सामाजिक जहर से सामाजिक नुकसान की कोई सीमा नही है, तत्पश्चात जैन धर्मशाला में समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी जी के साथ नगर वासियों ने समरसता खिचड़ी भोज किया।

स्नेह यात्रा लखनादौन विकासखंड में आज दूसरे दिन अपने अगले पड़ाव में क्रमशः गायत्री शक्ति पीठ धूमा, प्रजापिता ब्रह्म कुमारीज योगध्यान केन्द्र धूमा, रामकिशोर अहिरवार जी के ग्रह धूमा के उपरांत ग्राम नागनदेवरी पहुंची, प्रदेश के मुखिया मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सामाजिक भेदभाव के विषय में चिंता करते हुए सर्व संत समाज से इसपर सलाह मांगी थी जिसपर संत समाज ने इस सामाजिक समस्या को हल करने का बीड़ा उठाते हुए प्रदेश के सभी 52 जिलों में स्नेह यात्रा के द्वारा जन जन के बीच जन जागरण फैलाने का कार्य प्रारंभ किया है यह यात्रा 16 अगस्त से 26 अगस्त 2023 तक प्रदेश के हर जिले में पहुच रही है,उन्होंने कहा इस सामाजिक जहर से सामाजिक नुकसान की कोई सीमा नही है, इस बारे में बताते हुए स्वामी जी द्वारा समरसता संदेश उपस्थित जनो तक पहुंचाया गया, एवं उपस्थित जनों को एक दूसरे की कलाई में स्नेह सूत्र बंधवाकर संकल्प दिलाया की एकता समरसता की यह भावना हमें यहां से ले जाकर जन-जन के जनमानस तक पहुंचाना है, स्नेह यात्रा के इस कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओ, समाजसेवियों, मां गायत्री शक्तिपीठ, खेर माई माता मंदिर समिति, पतन्जली योग समिति, प्रजापिता ब्रंहकुमारिज संस्थान, मप्र जन अभियान, मु यमंत्री जन सेवा मित्र, मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता उमरन सिंह यादव, प्रवेश सारठे, आशीष श्रीवास्तव, राजकुमार साहू, अनिल यादव, सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राएं, ग्राम पंचायत विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित कार्यक्रम से जुड़े सभी विभागों के कर्मचारी व कार्यकर्तागणों, नगर के सभी गणमान्य जनों युवाओ ने भारी सं या में सहभागिता की, कार्यक्रम का संचालन युवा समाज सेवी प्रशांत पटेल ने किया, यात्रा परिचय मप्र जन अभियान परिषद के यात्रा प्रभारी जिला समन्वयक सौरभ शु ला द्वारा दिया गया, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन समाजसेवी सुदामा गुप्ता, मनोज साहू, चंद्रप्रकाश शर्मा, मोहन सिरबैया ने किया कार्यक्रम संयोजन विकास खंड यात्रा प्रभारी रीता वर्मा श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## निःशुल्क स्कूटी वितरण योजनांतर्गत इस वर्ष 7 हजार 790 विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मु य आतिथ्य में पॉलिटेँ नक ग्राउंड, शहडोल में 23 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे ÷स्कूटी वितरण समारोह÷ होगा। निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के कुल 7 हजार 790 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे, इसमें पेट्रोल स्कूटी चयनित करने वाले 4 हजार 806 विद्यार्थी और ई स्कूटी स्कूटी चयनित करने वाले 2 हजार 984 विद्यार्थी शामिल हैं। राज्य शासन द्वारा पेट्रोल स्कूटी चयनित करने वाले विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 90 हजार रुपए की राशि और ई स्कूटी चयनित करने वाले विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, इस तरह कुल 7 हजार 790 लाभार्थी विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए 79 करोड़ 6 लाख 20 हजार रुपए राशि की स्वीकृति दी गई है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह भी उपस्थित रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि निःशुल्क स्कूटी वितरण योजना अंतर्गत प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकेन्डरी विद्यालयों में सत्र 2022-23 में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी/ (मोटरराईज्ड) स्कूटी क्रय के लिये राशि प्रदाय की जाएगी। इस योजना अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होगें, जो प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला मेंनियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल (एम.पी.बोर्ड) की हायर सेकंडरी (कक्षा 12वीं ) परीक्षा में किसी भी संकाय में अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप मेंटॉप कर प्रथम स्थान अर्जित किया हो।

## जिला चिकित्सायलय परिसर में की गई कार्यवाही



सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में सिगरेट और अन्य त बा्कू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) अंतर्गत 21 अगस्त को जिला स्तर पर गठित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा जिला चिकित्साल परिसर में त बाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 का उल्लंघन करने पर 27 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाकर 1840/- रूपए जुर्माना वसूला गया तथा त बाकू उत्पादो का सेवन न करने एवं त बाकू से होने वलो दुष्प्रभावों के संबंध में समझाईश दी गई।

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल के द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 (सिगरेट एवं अन्य त बाकू उत्पाद अधिनियम) के अंतर्गत जिला चिकित्सालय परिसर में यहां-वहां गुटखा खाकर थूकने वाले एवं त बाकू, बीड़ी, सिगरेट का सेवन करने वाले लोगो पर कार्यवाही की गई तथा समझाईश भी दी गई। जिला नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही आगामी समय में भी जारी रहेगी

जिला निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण दल में त बाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी श्रीमति शांति डहरवाल, एएनएम कुसुम चंद्रवंशी, मोनिका से सेना, सुपरवाईजर अखिलेश नागेश्वर, शिवकुमार बघेल, सि योरिटी गार्ड नितेश वर्मा एवं नवनीत उईके के सहयोग से कार्यवाही की गई।

## गोलीकांड के हत्यारों को जल्द गिर तार कर सजा दिलाये पुलिस

### अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



सिवनी यशोः- सिवनी। शहर के बारापत्थर क्षेत्र में 18 अगस्त को हुए गोली कांड में मृत योगी उर्फ योगेश अग्रवाल के सभी हत्यारों को जल्द से जल्द गिर तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग सिवनी अग्रवाल समाज समिति ने पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह से की है। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल व महासचिव श्री नरेश अग्रवाल के हस्ताक्षर से एक ज्ञापन सोमवार को समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह को सौंपा है।

प्रवक्ता संजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में कहा है कि अग्रवाल समाज के युवा सदस्य योगेश अग्रवाल की 18 अगस्त को सार्वजनिक स्थल पर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना से नगरवासियों सहित पूरा अग्रवाल समाज स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। परिवार के जीवन यापन का मृतक एक मात्र सराहा था। शांत प्रिय सिवनी शहर में बीते कुछ सालों से कुछ तत्वों द्वारा युवाओं को भटकाकर अपराधों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे तत्व अपने स्वार्थ के लिए विवाद कर किसी पर भी बेखौफ पिस्टल से गोली चलकर शहर की कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक से सभी हत्यारों गिर तार कर स त सजा दिलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह ने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री श्रवण अग्रवाल से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिर तार कर लिया है। दो फरार आरोपी जल्द पुलिस की गिर त में होंगे। फरार आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी सं या में मौजूद रहे।

## नदी, तालाब एवं झील में नहीं होगा मूर्तियों का विसर्जन

### परंपरागत मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों के उपयोग से करें मूर्ति निर्माण

**पीओपी या केमिकल पदार्थो से बनी मूर्ति प्रतिबंधित**

सिवनी यशोः- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मूर्ति विसर्जन के संबंध में जारी की गई गाईड लाईन एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में कले टर एवं जिला दंडाधिकारी क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी कर जिले में गणेशजी एवं दुर्गाजी की मूर्तियों का नदियों, तालाब एवं झीलों में विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया है एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने निर्देश दिए गए हैं।

उक्त आदेशानुसार जिले में मूर्तियों एवं प्रतिमाओं के निर्माण में केवल प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्तेमाल किया जाएगा। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही अपयोग किया जाए, पकी हुई मिट्टी, पीओपी (प्?लास?टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल एवं रासायनिक पदार्थों का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्तियों एवं प्रतिमाओं पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषो त रंगों का इस्तेमाल किया जावे। किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषो त रंगों का इस्तेमाल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले मे केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही निर्माण व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थो से बनाई जाने वाली प्रतिमाओं के निर्माण एवं बाहर से लाने या ले जाने को प्रतिबंधित किया गया है।

स्थानीय निकायों द्वारा भी इस संबंध में सत्यापन किया जाएगा। यदि परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य रासायनिक पदार्थो से प्रतिमाओं के निर्माण का मामला प्रकाश में आता है, तो तत्काल स्थानीय निकाय द्वारा निर्मित प्रतिमाओं को अपने कब्जे में लेकर उनका निपटान नगरी ठोस अपशिष्ट नियम-2016 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। पूजन सामग्री जैसे फल-फूल, नारियल, वस्त्र, सजावट के सामान, कागज एवं प्लास्टिक निर्मित वस्तुएं शामिल है, को मूर्तियों /प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व निकालकर उन्हें अलग-अलग एकत्रित किया जावेगा तथा उे त सामग्री का निपटान ठोस अपशिष्ट नियम -2016 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों द्वारा किया जाएगा। मूर्ति /प्रतिमा के विसर्जन के 24 घंटे के भीतर विसर्जित मूर्ति/ प्रतिमाओं से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट जैसे बांस, रस्सी, मिट्टी, पीओपी, प्रतिमा के हिस्से आदि को एकत्रित कर उनका निपटारा नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम - 2016 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकायों द्वारा किया जावेगा।

यह आदेश 21 अगस्त 23 से 10 अे टूबर 23 तक प्रभावशील होगा तथा इस अवधि में आदेश का उल्?लंघन धारा 188 भारतीय दण्ड विधान अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

## 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम' अंतर्गत निःशुल्क हृदय जांच शिविर का हुआ आयोजन



सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम' अंतर्गत जिला चिकित्सालय सिवनी में विगत 19 अगस्त 23 को निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में योजना अंतर्गत जन्म से 18 वर्ष से जन्मजात हृदय रोग से चिन्हित 80 बच्चों की इकोकार्डयोलॉजी जांच की गई। जिसमें 35 बच्चों के हृदय में छेद पाया गया। 5 बच्चो को हायर सेंटर रिफर किया गया एवं 5 बच?चो को पुनः जाचं के लिए बुलाया गया।

उे त निःशुल्क शिविर में मेट्रो हॉस्पिटल जबलपुर से डॉ. के.एल. उमा महेश्वर, डीएम कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा ईको जांच की गई। हृदय रोग से चिन्हित बच्चो को मु ?यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के अंतर्गत एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। शिविर मेंजिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेष डेहरिया, समस्त विकासखंड से आरबीएसके टीम एवं डीईआईसी स्टॉफ कीउपस्थिति रही।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक मे हुए शामिल



सिवनी- मंगलवार, दिनांक 22 अगस्त को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यसमिति की बैठक मे शामिल हुए। विधायक श्री राय भारतीय जनता पार्टी मंडल करकोटी द्वारा प्रताप अड़सड़ विधायक महाराष्ट्र की अध्यक्षता एवं आलोक दुबे जिलाध्यक्ष व जिला पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति मे ग्राम पंचायत बिठली के बूथ में आयोजित कार्यसमिति की बैठक मे शामिल हुए। जहां पर श्री रामजी चंद्रवंशी जी मंडल अध्यक्ष द्वारा फूल मालाओं से सभी का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित समस्त अतिथियों द्वारा मु यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ पर जा रहे ग्राम के बुजुर्गो को फूल मालाओं पहनाकर स्वागत किया गया तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा मंडल करकोटी के पदाधिकारियों व देवतुल्य जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## अधिमान्य पत्रकार संघ का हुआ गठन

### राजेश शाहू बने अधिमान्य पत्रकार संघ के अध्यक्ष

मंडला। जिले के जिला व तहसील स्तरीय अधिमान्य पत्रकारों द्वारा अपने संघ का गठन किया गया है। अधिमान्य पत्रकार संघ के नाम से गठित इस पत्रकार संघ की बागडोर वरिष्ठ पत्रकार राजेश शाहू को सौपी गई है। राजेश शाहू पिछले 42 वर्षो से निरंतर पत्रकारिता से जुड़े हुए है। अधिमान्य पत्रकार संघ की पहली बैठक में सर्वस मति से राजेश शाहू को अध्यक्ष चुना गया है। इस संघ में केवल मध्य प्रदेश शासन से अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार ही जुड़े है। इसमें सुधीर उपाध्याय, राजेंद्र राजपूत, धर्मेंद्र पांडे, सैयद जावेद अली, चंद्रेश खरे और राम कुमार चौरसिया शामिल है।

अधिमान्य पत्रकार संघ के गठन के बाद निर्णय लिया गया कि प्रदेश के मु यमंत्री के नाम एक ज्ञापन मंडला कले टर को सौपकर अधिमान्य पत्रकार को शासन द्वारा पूर्व में प्राप्त सुविधाएं जिन्हे कोरोना काल के दौरान बंद कर दिया गया था उसे पुनः शुरू करने ज्ञापन सौंपा जाए। इसी तारत य में संघ ने कले टर डॉ. सलोनी सिडाना को मु यमंत्री के नाम ज्ञापन जिसमें कहा गया कि रेल यात्रा में रियायत ध् छूट समाप्त कर दी गई है, उसे पुनः प्रार भ किया जावे। नेशनल हाईवे ध् स्टेट हाईवे में टोल टै स अनावश्यक लिया जाने लगा है। यहां पदस्थ कर्मचारियों का व्यवहार आमजन के प्रतिकूल है। मंडला से जबलपुर हम सभी पत्रकारों को कार्यालयीन कार्य हेतु बार-बार जाना होता है। इसलिये स्थानीय स्तर पर रियायत हेतु कार्यवाही की जावें। सभी पत्रकारों सहित परिवार से जुड़े सदस्यों को स्थानीय चिकित्सा सुविधा हेतु निर्देश दिया जाए। बस यात्रा में यथासंभव छूट प्रदान करने के संबंध में परिवहन विभाग को नियमानुसार निर्देशित किया जाए। शासन की योजनाओं एवं जनप्रतिनिधियों के आवागमन की जानकारी अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को समय पूर्व दिया जाए। साथ ही स्थानीय समितियों में स मिलित किया जाए। कले टर ने ज्ञापन मु यमंत्री तक पहुंचाने व अधिमान्य पत्रकारों की मांग पर अपने स्तर पर उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

## शफीक खान को सौंपा गया कोतवाली मंडला का प्रभार, जनक सिंह रावत को फि से मिला नैनपुर थाने का प्रभार

मंडला यशोः- पुलिस अधीक्षक ने जिले के पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना में बड़ा फेरबदल किया है। बताया गया है कि पुलिस मु यालय की ओर से हाल ही में पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए थे, जिसके कारण जिले में अनेक स्थानों पर पद खाली हो गए। इसी दौरान जिले में नए पुलिस अधिकारी स्थानांतरित होकर पहुंचे हैं। एसपी की ओर से इन रिक्त स्थानों की पूर्ती और प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के थाना प्रभारियों व कर्मचारियों की नई पदस्थापना की हैं। जिले में नवागत निरीक्षक शफीक खान को मंडला थाना कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा निरीक्षक जनक सिंह रावत को थाना नैनपुर, कार्यवाहक निरीक्षक क्रांति कुमार ब्र हे को थाना मोहगांव, निरीक्षक शशि मस्कुले को महिला थाना मंडला, कार्यवाहक निरीक्षक आरती धुर्वे को थाना अजाक मंडला, कार्यवाहक निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह धुर्वे को थाना बिछिया, कार्यवाहक निरीक्षक ममता परस्ते थाना महाराजपुर, निरीक्षक विजय सिंह ठाकुर को थाना ब हनी स्थानांतरित किया गया है।

इसी प्रकार कार्यवाहक निरीक्षक पूजा बघेल को रक्षित केन्द्र मंडला, निरीक्षक खेमसिंह पन्द्रो को रक्षित केन्द्र मंडला, निरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डे को प्रभारी चुनाव सैल, उप निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत को चौकी हिरदेनगर, उप निरीक्षक बाल्मिक चौबे को रक्षित केंद्र (रीडर पुअ), उप निरीक्षक शक्ति यादव को थाना ब हनी, उप निरीक्षक बलवंत तेकाम को थाना घुघरी, उप निरीक्षक बृजकिशोर पंडोरिया को थाना महाराजपुर। सहायक उप निरीक्षक प्रेमसिंह परते थाना मवई, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक भीमराव कनौजे को थाना मोहगांव (चाबी), कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक अशोक द्विवेदी को थाना ब हनी, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक आलम सिंह को थाना बीजाडांडी का निरस्त कर यथावत रक्षित केन्द्र, प्रधान आरक्षक नारायण सिंगरौरे थाना कोतवाली, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक अजीत परते को थाना बिछिया, आरक्षक सुंदरलाल भलावी को थाना बिछिया का संशोधित कर चौंकी हिरदेनगर, आरक्षक कुनाल कटरे को थाना कोतवाली का निरस्त कर यथावत थाना ब हनी स्थानान्तरित किया गया है।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूद्ध सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 14 से 20 अगस्त 23 तक वृत्त उत्तर में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 17920/- रू. अनुमानित मूल्य की 33.0 ब.ली.मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 4 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 61613/- रू. मूल्य की 13.74 ब.ली. मदिरा एवं 580 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 7 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 3382/- रूपये की 10.36 ब.ली. मदिरा, वृत्त लखनादौन में 2 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 1978/- रूपये की 7.16 ब.ली. मदिरा एवं वृत्त घंसौर में 6 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 6960/- रूपये अनुमानित मूल्य की 29 ब.ली. मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनांर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- प्रभारी अधिकारी म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड भोपाल द्वारा शिक्षित बेरोजगार के लिए केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना संचालित की जा रही है। योजनांर्तगत शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने हेतु आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष एवं शैक्षाणिक योग्यता कम से कम 10 वी पास होना अनिवार्य है। आवेदक ग्रामीण क्षेत्र का होना चाहिए। आवेदक पूर्व में किसी भी बैंक से लोन नही लिया होना चाहिए। आवेदक के परिवार पूर्व में बैंक के कलांतित ऋण ग्रसित नही होना चाहिए। लोन की राशि एक लाख से पचास लाख तक की है।

योजनांतर्गत सायकल रिपेंरिंग, आटो मर मत कार्य, क प्यूटर जांव वर्क, फोटो कापी मशीन, मोबाइल मर मत, विधुत उपकरण मर मत, शाकाहारी ढाबा , सेंौ ट्रगं मिक्कर मशीन, टेन्ट हाउस, बेल्डिंग वर्क, आटा चक्की एवं मशाला चक्की, पापड बड़ी निर्माण, ब्यूटी पार्लर एवं निर्माण कार्य गतिविधी अंतर्गत सीमेन्ट ईट निर्माण, फ्रेबीकेशन वर्क, विन्डोफ्रेम निर्माण, राईस मिल, सिलाई रेडीमेड, सीमेन्ट पोल एवं जाली निर्माण, आरो प्लांट, चर्मशिल्प निर्माण, बैग निर्माण, लिफाफा निर्माण एवं ए यूमिनियम निर्माण हेतु योजना का लाभ ले व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

योजनांतर्गत ऋण राशि में एससी, एसटी, ओ.बी.सी एवं महिला वर्ग के हितग्राही के लिए 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है एवं सामान्य वर्ग के हितग्राही को 25 प्रतिशत अनुदान राशि की पात्रता है। इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र आनंलाइन दर्ज की कर सी.ए. रिपोर्ट के साथ दो प्रतियों में संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा इच्छुक व्यक्ति उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय पर प्रभारी प्रबंधक म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत सिवनी से स पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाईन आवेदन हेतु आधार कार्ड, समग्र आईडी, वोटर आईडी, जाति प्रमाण पत्र, अहार्ता अंकसूची, बिजली बिल, राशन कार्ड, बैंक पास बुक फोटोकॉपी, पेनकार्ड, दो फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र, कोटेशन एवं किराया नामा दस्तावेज के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## मतदान केन्द्रों में लगे विशेष शिविर

मण्डला यशोः- फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आयोजित किये गये। अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, समस्त एसडीएम तथा से टर अधिकारियों ने आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनरीक्षण की कार्यवाही का अवलोकन के दौरान आवश्यक निर्देश भी दिये। इन शिविरों में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, मृत अथवा बाहर जा चुके व्यक्तियों के नाम काटने के लिए फॉर्म-7 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरने की कार्यवाही की गई।

## शैक्षणिक संस्थाओं को बेहतर करने स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा आवश्यक - डॉ. सिडाना

### जनजातीय कार्य विभाग के निर्माण तथा मर मत कार्यो की समीक्षा

मंडला यशोः- कले टर डॉ सलोनी सिड़ाना ने आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्माण तथा मर मत कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा सभी कार्यो को 30 सित बर तक पूर्ण करायें। संबंधित उपयंत्री कार्यो की गुणवत्ता की सतत मॉनीटरिंग करते हुये आवष्यक तकनीकि सहयोग प्रदान करें। कले टर ने गुणवत्तायुक्त कार्य नहीं करने तथा समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाली एजेंसियों पर आवष्यक कार्यवाही करने के निर्देष दिये। जिला योजना भवन में स पन्न हुई बैठक में सीईओ



जिला पंचायत श्रेयांस कूमट सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देषित किया कि जिला स्तर से दल बनाकर अब तक किये कार्य का मूल्यांकन 31 अगस्त तक पूर्ण करायें। संस्था के भवन सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में शाला षिक्षक भी भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवष्यक है। संस्था के षिक्षक निर्माण तथा मर मत कार्य में सहयोग करते हुये समुचित मॉनीटरिंग भी करें। कले टर ने कहा कि सभी अधीक्षक आश्रम एवं छात्रावास में रहने वाले बच्चों को अपना समझें। अपनी जि मेदारी समझते हुये बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें।

## घुटास से प्रारंभ होकर घुघरी पहुंची स्नेह यात्रा

मंडला यशोः- स्नेह यात्रा सोमवार को घुटास से शुरू होकर नेवसा, खजरी, बनेहरी, खमतरा, लाटो, ख हरिया, सैलवारा होते हुए घुघरी में पहुंची। आज 22 अगस्त को सुबह 9 बजे संत श्री फट्टी वाले बाबा के आश्रम की पूजन-आरती के पश्चात शुरू होगी। आज यह यात्रा मोहगांव विकासखंड में प्रवेश करेगी। यात्रा का ढोल- नगाड़े बजाकर, पुष्प वर्षा कर, महिलाएं कलश लेकर स्वागत कर रही हैं। जिले



की स्नेह यात्रा का संयोजन म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा किया जा रहा है जिसमें नवांकुर संस्थाएँ, समस्त परामर्शदाता, प्रस्फुटन समितियों के लोग तथा सी.एम.सी.एल.डी.पी. के छात्रों व बड़ी सं या में ग्रामीणजन भागीदारी कर रहे हैं।

## ग्रामीणों को समझाई गई ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया

मंडला यशोः- मतदाताओं को ईव्हीएम मषीन से मतदान की प्रक्रिया से अवगत के उद्देष्य से गांव गांव में ईव्हीएम का प्रदर्षन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को निवास विधानसभा क्षेत्र के सागर, फूलसागर, चटुआमार, सकरीजर एवं बबैहा ग्रामों में ग्रामीणजनों ईव्हीएम मषीन के संबंध में जानकारी दी गई तथा मॉक पॉल के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही मतदाता जागरूकता वाहन पर एलईडी वॉल के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी लघु फिल्मों का प्रदर्षन कर मतदान के



प्रति जागरूक कर मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्रामीणजनों को मतदान से संबंधित शपथ दिलाई गई फोटोयुक्त मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम काटने तथा आवष्यक संषोधन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

## कले टर सहित अन्य अधिकारियों ने खरीदा गोंडी पेंटिंगयुक्त राखी है पर

**स्व-सहायता समूहों ने बनाई आकर्षक राखियां**

मंडला यशोः- जिले में नाबार्ड के प्रोजे ट अंतर्गत स्व-सहायता समूह द्वारा गोंडी पेंटिंग का सराहनीय काम विगत एक वर्ष से किया जा रहा है। राखी के त्यौहार के मौक़े पर समूह द्वारा गोंडी पेंटिंग राखियाँ बनायी गई है। इन रखियों के अलावा मंडला ज़िले में समूह की महिलायें द्वारा अन्य स्थानीय उत्पाद जैसे कोदो-कुटकी कुकीज़, आवला कैंडी, बेल कैंडी इत्यादि बनाने का कार्य भी किया जाता है। यह खाद्य उत्पाद स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होते हैं एवं बिना किसी मिलावट के



शुद्धता से बनाये जाते हैं। समूह द्वारा बनाये गये उत्पादों को आकर्षक ÷राखी है पर÷ के रूप में प्रस्तुत किया गया और विक्रय के लिए योजना भवन में रखा गया। इस नवाचार की प्रषंसा करते हुए कले टर डॉ सलोनी सिड़ाना सहित सभी अधिकारियों ने अपने भाई एवं बहन के लिए ÷राखी है पर÷ लिया।

इस "राखी है पर" में गोंड पेंटिंग वाली दो राखी, गोंड पेंटिंग वाला एक रूमाल, कुमकुम चावल, कोदो-कुटकी कुकीज एक पैकेट, अमला कैंडी एक पैकेट, बेल कैंडी एक पैकेट, एवं एक अमला लड्डू है। इस ÷राखी है पर÷ की क़ीमत मात्र 450 रूपए रखी गई है। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अपील की है कि हमस ब त्यौहार के मौक़े पर विदेषी एवं मिलावटी उत्पादों को त्याग कर स्वदेषी अपनाते हुये स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें।

## मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें - डॉ. सिडाना

**समय सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक स पन्न**

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देषित किया कि संबंधित अधिकारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते हुये प्रत्येक केन्द्र में प्रकाष, पेयजल, रै प तथा शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से संपादित करें। जिला योजना भवन में स पन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



लाड़ली बहना योजना की समीक्षा करते हुये कले टर ने कहा कि प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों का समय पर उचित निराकरण करें। जिन आवेदकों के डीबीटी नहीं हुये हैं, जल्द करायें। आवश्यकतानुसार आवेदकों के नये खाते खोलने की कार्यवाही करें। इस संबंध में उन्होंने हितग्राहियों को मोबिलाईज करने तथा बैंक से समन्वय के संबंध में बेहतर योजना तैयार करने के निर्देष दिये। नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये कले टर ने कहा कि सभी कार्यो को समयसीमा पर बेहतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की स्थलवार समीक्षा करते हुये आवष्यक निर्देष दिये। कले टर ने निर्देषित किया कि राजस्व अधिकारी शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। बैगा आहार अनुदान, आयुष्मान कार्ड, संबल, समग्र, पेंषन योजना के हितग्राहियों का ईकेवायसी कराएं। नवनियुक्त शिक्षकों के यूनिक आईडी जारी करने की कार्यवाही करें। हैंडप पों की जांच करें लोराइड पाये जाने पर नियमानुसार मार्किंग करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को भूमि आवंटन की कार्यवाही 2 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में कले टर ने सीएम हेल्पलाईन, समय सीमा तथा जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये।

## घर- घर दस्तक देकर 56801 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि सघन दस्त रोग, नियंत्रण पखवाड़ा एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण 18 जुलाई से षुरू हो गया है। जो 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इसके अंतर्गत 0 से 5 साल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीमारियों की पहचान, जांच, उपचार एवं रेफरल सेवाएं दस्तक दल द्वारा प्रदान की जा रही है। इसी तारत य मे एएनएम एवं आषा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर दस्तक देकर 56801 बच्चों की स्क्रीनिंग कर 191 सेम बच्चों का चिन्हांकन किया गया 127 एनिम्कि बच्चों का चिन्हांकन कर रेफर किया गया। डायरिया के 304 बच्चों को ओआरएस एवं जिंक की गोली दी गई एवं डायरिया प्रबंधन किया गया। निमोनिया के 70 बच्चे चिन्हांकित किये गये। डायरिया बीमारी के चिन्हांकित 304 बच्चे, निमोनिया बीमारी के चिन्हांकित 50 बच्चे को रेफर एवं अन्य बीमारी के चिन्हांकित 121 बच्चे को रेफर किया गया। एनीमिक बच्चे 23324, अल्प एनीमिक 16057 मध्यम एनीमिक 9152 बच्चे चिन्हांकित किये गये तथा आई.एफए. की गोलियां 23324 बच्चों को प्रदाय की गई। विटामिन ए 48350 खुराक पिलाई गई। बाल्यकालीन बीमारियां जैसे गंभीर एनीमिया बच्चों का इलाज, हीमोग्लोबिन की जांच, गंभीर कुपोशण के बच्चों को एनआरसी में भर्ती एवं एसएन सीयू एवं एनआरसी से छुट्टी से प्राप्त बच्चों की जांच एवं फालोअप करना, आयु अनुसार 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरक देना, रेफरल समस्त 11 प्रकार की सेवायें प्रदान की जाएगी।

## मिड डे मील में मनमानी

मण्डला यशोः- प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत मप्र के मण्डला जिले में मनमानी चल रही है। इस कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों में स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित किया जा रहा है जिन्हें समय पर पैसा व राशन नहीं दिया जा रहा है। जबकि शिक्षा का सत्र समाप्त हो चुका है इसके बावजूद भी शिक्षा सत्र समाप्ति तक का लंबित राशि एवं राशन प्रदान नहीं किया जा रहा है। यही हाल सांझा चूल्हा कार्यक्रम का है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा समय पर राशि व राशन सामग्री प्रदान कराने में विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जनापेक्षा है सरकार शीघ्र ध्यान दें।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297